05-04-2023 Re: Need to constitute a medical research committee to look into the increased cases of death due to cardiac arrest after Covid-19 Pandemic. MATTERS UNDER RULE-377 Chaudhary, Shri P.P. Heart Diseases Medical Research Cardic Arest Novel Coronavirus (COVID -19)

Title: Re: Need to constitute a medical research committee to look into the increased cases of death due to cardiac arrest after Covid-19 Pandemic.

श्री पी. पी. चौधरी (पाली) : जिस तरीके से माननीय प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में हमारे देश ने कोविड-19 महामारी का सामना किया है, उसकी प्रशंसा आज पूरे विश्व भर में की जा रही है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शी सोच ने सिर्फ भारत की ही नहीं अपितु ?वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना के साथ अन्य देशों को भी हमारे देश की कोविड वैक्सिन उपलब्ध करवाकर करोड़ों लोगों के जीवन की रक्षा की है। माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करते हुए बताना चाहता हूँ कि कोविड -19 महामारी के बाद देश में दिल के दौरे के मामलों की संख्या में वृद्धि हुई है। एक शोध अध्ययन में पाया गया कि देश के युवा विशेष रूप से 25-44 वर्ष की आयु के लोगों में घातक दिल के दौरे का खतरा बढ़ा है। पिछले दो दशकों में देश में हृदय रोग लगभग दोगुना होकर 15% से 28% हो गया है। पिछले एक साल में देश ने कई प्रमुख हस्तियों की अचानक कार्डियक अटैक से मौते देखी है। इसलिए, मैं माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि कार्डियक अटैक के कारण युवाओं की बढ़ती मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए, चिकित्सा अनुसंधान समिति का गठन किया जाए और दिल के दौरे के कारण युवा आबादी की मृत्यु को कम करने के लिए नए निवारक स्वास्थ्य संबंधी दिशानिर्देश जारी किए जाएं।